# अरुणाचल प्रदेश सरकार
# प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ईटानगर
# अरुणाचल प्रदेश राजकीय बोर्ड पूरक परीक्षा

## सत्र - 2021-2022

## विषय - हिंदी

## कक्षा - आठवीं

समय - 3 घंटे

पूर्णांक - 100

उतीर्णांक - 33

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड 'क' और 'ख' है।
2. सभी प्रश्नो का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
3. सभी प्रश्नो के अंक उनके सम्मुख अंकित है।
4. स्वच्छता एवं स्पष्टता पर ध्यान दे ।

**खण्ड 'क'**

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दीजिए –

मै आगे बढ़ा ही था कि बेर की झाड़ी पर से मोती - सी एक बूँद मेरे हाथ पर आ पड़ी। मेरे आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब मैने देखा कि ओस की बूँद मेरी कलाई पर से सरक कर हथेली पर आ गई। मेरी दृष्टि पड़ते ही वह ठहर गई। थोड़ी देर में मुझे सितार के तारों की - सी झंकार सुनाई देने लगी। मैने सोचा कि कोई बजा रहा होगा। चारों ओर देखा कोई नहीं। फिर अनुभव हुआ कि यह स्वर मेरी हथेली से निकल रहा है। ध्यान से देखने पर मालूम हुआ कि बूँद के दो कण हो गए हैं और वे दोनों हिल - हिलकर यह स्वर उत्पन्न कर रहे हैं मानों बोल रहें हों।

क) लेखक के हाथ पर कब क्या आ पड़ी? (2)

ख) लेखक को कब आश्चर्य हुआ? (2)

ग) ध्यान से देखने पर लेखक को क्या मालूम हुआ? (2)

घ) किन्हीं दो रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

ङ) उपरोक्त गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दीजिए -

सीस पगा न झँगा तन में प्रभु! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा<br>
धोती फटी - सी लटी दुपटी, अरु पाँय उपानह को नहि सामा।



Scanned with OKEN Scanner

द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रहयो चकिसों बसुधा अभिरामा।
पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा।

क) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (2)

ख) सुदामा के सीस और तन पर क्या नही है? (2)

ग) सुदामा के वस्त्र कैसे हैं? (2)

घ) सुदामा किससे किसके बारे में पूछ रहे हैं? (2)

ङ) सुदामा किसे देखकर चकित रह गए? (2)

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए - ($3 \times 8 = 24$)

क) वस्तु - विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

ख) पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता?

ग) पक्षी और बादल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन - कौन पढ़ पाते हैं?

घ) कामचोर कहानी क्या संदेश देती है?

ङ) आलमआरा फिल्म में किसने गाना गाया था और किन वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया गया था।

च) साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन - कौन से बदलाव आया हैं?

छ) लाला झाऊलाल क्यों चिंतित थे?

ज) बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

झ) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुँदने क्यों जड़ दिए?

ञ) अतं में उड़ते - उड़ते गवरइया ने राजा के विषय में क्या कहा?

प्रश्न 4. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक अवतरण की सप्रंसग व्याख्या कीजिए। (8)

जग में बेरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय।
या आपा को डारी दे, दया करै सब कोय।।

अथवा

पुष्प - पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा मैं।
अपने नव जीवन का अमृत सहर्ष सींच दूँगा मैं।।

प्रश्न 5. नीचे लिखे शब्दों में से चुनकर खाली स्थान की पूर्ति कीजिए - (5)

साँसत, गुस्सा, धोखा, धर्म, 1972



Scanned with OKEN Scanner

क) भारत वर्ष सदा कानून को .......... रुप में देखता रहा।
ख) ठगा भी गया हूँ .......... भी खाया है।
ग) मै लगभग तीन दिन तक यह ......... भोगती रही।
घ) लाला ........... पीकर पानी पीने लगा।
ङ) पत्र लेखन प्रतियोगिताएँ ....... में आरंभ की गई।

## खण्ड 'ख'

प्रश्न 6. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों का निबंध लिखिए। (8)

क) समय का सदुपयोग
ख) अरुणाचल विकास के पथ पर
ग) मेरा प्रिय त्योहार
घ) स्वच्छ भारत अभियान

प्रश्न 7. अनुपस्थिति का कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक को अवकाश हेतु प्रार्थना - पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने जन्म दिन के अवसर पर अपने मित्र को निमंत्रण - पत्र लिखिए।

प्रश्न 8. क) भाषा किसे कहते है? यह कितने प्रकार की होती है? (3)

ख) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए - (5)
1. सेनिक 2. प्रकति 3. सुरज 4. लछमी 5. कीताब

ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए - (3)
1. कठोर 2. मान 3. उदय

घ) नीचे लिखे शब्दों के तद्‌भव शब्द लिखिए - (3)
1. अग्नि 2. हस्त 3. दंत

ङ) किन्ही दो उपसर्गों से दो - दो शब्द बनाइए - (2)
1. आ 2. अव 3. अप

प्रश्न 9. क) निम्नलिखित शब्दों के संधि कीजिए - (3)

1. विद्या + अर्थी 2. नर + ईश 3. पर + अधीन

ख) किन्ही दो के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - (4)
1. नदी 2. सूर्य 3. पर्वत

ग) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए - (4)
1. मारा - मारा फिरना 2. दुम दबाकर भागना

घ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (3)
1. जिसे भय न हो
2. जो किसी का पक्ष न ले
3. जिसकी धर्म मे आस्था हो

---



Scanned with OKEN Scanner